## न्यूज डायरी



### कार बम विस्फोट में सोमालिया में 76 से ज्यादा लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मोगादिशु। सोमालिया की राजधानी में एक सुरक्षा जांच चौकी एवं कराधान कार्यालय पर शनिवार सुबह हुए एक ट्रक बम विस्फोट में कम से कम 76 लोग मारे गए। यह हमला हाल के वर्षों में मोगादिशु में हुए भीषणतम हमलों में से एक है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आज के विस्फोट को देखकर उन्हें 2017 में हुए विस्फोट की याद आ गई जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे। निजी आमीन एंबुलेंस सेवा के निदेशक अब्दुकादिर अब्दीरहमान ने एएफपी से कहा, ''76 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है और 70 अन्य घायल हुए हैं।'' पुलिस अधिकारी इब्राहीम मोहम्मद ने विस्फोट को ''भयावह'' करार दिया। मारे गए लोगों में से ज्यादातर विश्वविद्यालय और अन्य संस्थानों के छात्र बताए जाते हैं जो अपनी कक्षाओं के लिए निकले थे। इब्राहीम ने कहा, ''हमने दो तुर्क नागरिकों के मरने की भी पुष्टि की है जो संभवतरू सड़क निर्माण से जुड़े इंजीनियर थे।

### तालिबान के हमले में दस अफगान सैनिक मारे गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कंधार। दक्षिण हेलमंद प्रांत में शनिवार को एक सैन्य अड्डे पर तालिबान के हमले में दस अफगान सैनिक मारे गए। दक्षिण अफगानिस्तान के 215 माइवांड सेना कोर के प्रवक्ता नवाब जादरान ने 'एएफपी' से कहा कि अशांत सांगिन जिले में तालिबान ने सैन्य अड्डे तक एक सुरंग खोदी और फिर इसे विस्फोट कर उड़ा दिया।'' उन्होंने कहा, ''हमले के वक्त अड्डे पर 18 सैनिक मौजूद थे। चार सैनिक घायल हो गए और चार सैनिकों ने तालिबान हमलावरों को खदेड़ दिया।'' प्रांत के प्रवक्ता उमर जवाक ने हमले की पुष्टि की और कहा कि अड्डे के अंदर शक्तिशाली विस्फोट में सैनिक मारे गए। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने मीडिया को भेजे गए बयान में हमले की जिम्मेदारी ली। उत्तरी प्रांत बल्ख में एक सैन्य अड्डे पर तालिबान के हमले में मंगलवार को सात अफगान सैनिक मारे गए थे।

### संयुक्त राष्ट्र ने म्यामां के रोहिंग्या समुदायों के मानवाधिकार उल्लंघन की निंदा की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासभा में शुक्रवार को एक प्रस्ताव पारित कर म्यामां के रोहिंग्या मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों की मनमानी गिरफ्तारी, प्रताड़ना, बलात्कार और हिरासत में होने वाले मौत समेत अन्य मानवाधिकार उल्लंघनों की कड़ी निंदा की। इस 193 सदस्यों वाले वैश्विक निकाय में 134 सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोटिंग की जबकि नौ ने इसे स्वीकृति नहीं दी। वहीं 28 सदस्य सभा में मौजूद नहीं थे। इस प्रस्ताव में म्यामां सरकार से रखाइन, कचीन और शान राज्यों में रोहिंग्या एवं अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ घृणा को बढ़ावा देने वाली समस्या से निपटने के कदम उठाने की अपील भी की गई है। महासभा के प्रस्ताव कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं होते, लेकिन वे विश्व के विचारों को व्यक्त करते हैं। बौद्ध बहुलता वाले म्यामां में रोहिंग्या समुदाय के लोगों को लंबे समय से बांग्लादेश का "बंगाली" माना जाता रहा है, जबकि उनके परिवार पीढ़ियों से इस देश में रह रहे हैं।

### अमेरिका में गन वायलेंस में इस साल 38 हजार लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका में साल 2019 में बंदूक की हिंसा में 38 हजार से भी अधिक लोगों की मौत हुई है। यह जानकारी एक गैर–लाभकारी संगठन ने दी है। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, गन वायलेंस आर्काइव (जीवीए) संगठन, जो देशभर में बंदूक से हुई हिंसा के मामले दर्ज करता है। शूटिंग से इस साल 38730 लोगों की मौत हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, 14970 मामले साजिशन हत्या और दुर्घटनावश गोली चलने से शिकार होने के हैं, जबकि साल 2018 में यह मामले 14789 थे। जीवीए के अनुसार, साल 2019 में 23760 मामले आत्महत्या के हैं। बंदूक की हिंसा में 11 साल से कम उम्र के कुल 207 बच्चों ने अपनी जान गवां दी, जबकि 473 बच्चे घायल हुए हैं। वहीं बीते साल 12–17 आयुवर्ग के 762 बच्चों ने अपनी जान गवां दी, जबकि 2253 बच्चे घायल हुए थे।

# पाकिस्तान में टिक टॉक गर्ल के चलते सकते में इमरान सरकार

## कहा– मंत्री शेख रशीद भेजते थे अश्लील विडियो

**दावा**

हमारे पास कई मंत्रियों के सबूत हैं, लेकिन हमने कोई विडियो नहीं डालाः हरीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में टिक टॉक गर्ल हरीम शाह इन दिनों चर्चा के केंद्र में हैं। यहां तक कि उनके विडियोज के चलते इमरान खान सरकार तक में हलचल है। पिछले ही दिनों उन्होंने बड़बोले बयानों के चलते चर्चा में रहने वाले पाकिस्तान के रेल मंत्री शेख रशीद को लेकर एक विडियो जारी किया था, जिस पर खासा विवाद हुआ था और अब उन्होंने पाकिस्तानी पीएम इमरान खान को भी घसीटते हुए उनका भी विडियो जारी करने की धमकी दी है।

दरअसल हरीम शाह ने रशीद शेख की ओर से सीक्रट विडियो कॉल्स के विडियो सोशल मीडिया पर डाल दिए थे। इस पर काफी विवाद हुए तो उन्होंने इन्हें डिलिट भी कर दिया था।



हालांकि पाकिस्तान की सत्ताधारी पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के कार्यकर्ताओं की ओर से अब भी उन्हें ट्रोल किया जा रहा है। इस पर हरीम शाह धमकी दी है कि यदि पीटीआई के वर्कर नहीं माने तो वह पीएम इमरान खान का भी विडियो रिलीज कर देंगी।

**हरीम की धमकी, ...तो इमरान के विडियो भी डाल दूंगीः** हरीम शाह ने ट्वीट किया, पीटीआई वाले फजूल की बकवास गालियां बककर गुस्सा न दिलाएं। यह न हो कि खान साहब कि भी विडियो लगा लूं। हालांकि इस ट्वीट को उन्होंने बाद डिलिट कर दिया, लेकिन तब तक लोगों ने उनके इस ट्वीट का स्क्रीनशॉट ले लिया था। सिर्फ उनके कहने पर ही यह माफी वाला विडियो डाला है।श दरअसल रशीद के विडियो को लेकर विवाद के बाद हरीम ने एक और विडियो जारी करते हुए माफी तक मांग ली थी।

**हरीम का दावा, वॉट्सऐप कहल करते थे शेख रशीदः** टिकटॉक गर्ल ने दावा किया था कि शेख रशीद ने उन्हें आपत्तिजनक विडियोज भेजे थे। इसके अलावा वह उन्हें वॉट्सऐप पर विडियो कॉल किया करते थे। हरीम शाह की ओर से यह दावा किए जाने के बाद से ही वह ट्विटर पर ट्रेंड कर रही हैं।

**शेख रशीद ही नहीं और भी मंत्रियों के हैं विडियोः** यही नहीं एक और विडियो जारी हरीम शाह ने कहा है कि हमारे पास बहुत से लोगों के बारे में प्रूफ हैं, लेकिन हम उन्हें एक्सपोज नहीं कर रहे। यदि हम करना चाहते तो अब तक कर देते। हमारे पास कई मंत्रियों के सबूत हैं, लेकिन हमने कोई विडियो नहीं डाला।

कुछ दिनों पहले भी हरीम शाह चर्चा में आई थीं, जब उन्होंने बेहद संवेदनशील माने जाने वाले विदेश मंत्रालय में घुसकर वीडियो बनाया था। शाह ने उस कुर्सी पर बैठकर टिकटॉक विडियो बनाया था जिस पर प्रधानमंत्री इमरान खान खुद बैठते हैं।

## मौत की सजा को मुशर्रफ ने दी चुनौती, हाई कोर्ट ने लौटाई याचिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लाहौर हाई कोर्ट ने पाकिस्तान के पूर्व सैन्य तानाशाह परवेज मुशर्रफ के उस आवेदन को लौटा दिया है जिसमें उन्होंने देशद्रोह के मामले में एक विशेष अदालत द्वारा सुनाई गई मौत की सजा को चुनौती दी थी। लाहौर हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार कार्यालय ने शीतकालीन अवकाश के चलते पूर्ण पीठ की उपलब्धता न होने का हवाला देते हुए याचिका को लौटा दिया।

वकील अजहर सिद्दीक के जरिए शुक्रवार को दायर इस याचिका में पाकिस्तान की संघीय सरकार और अन्य को प्रतिवादी बनाया गया था। इस 86 पन्नों की याचिका में मुशर्रफ ने खुद को सुनाई गई मौत की सजा को निरस्त कराने के लिए अदालत की पूर्ण पीठ के गठन की मांग की थी। विशेष अदालत ने देशद्रोह के मामले में 17 दिसंबर को मुशर्रफ को उनकी अनुपस्थिति में मौत की सजा सुनाई थी। डॉन अखबार के अनुसार, अदालत के रजिस्ट्रार ने याचिका को इस टिप्पणी के साथ वापस कर दिया कि शीतकालीन अवकाश की वजह से पूर्ण पीठ उपलब्ध नहीं है।

हाई कोर्ट द्वारा गठित तीन सदस्यीय पीठ मुशर्रफ के मुख्य आवेदन पर 9 जनवरी को सुनवाई करेगी जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ देशद्रोह की शिकायत से लेकर अंत तक सभी कार्यवाहियों को चुनौती दी है।



**मंगल पर प्राचीन जीवन के निशान खोजेगा नासा का रोवर**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कैलिफॉर्निया। अगले साल मंगल ग्रह पर जाने वाला रोवर न सिर्फ प्राचीन जीवन के सुराग खोजेगा बल्कि भावी मानव मिशनों का रास्ता भी साफ करेगा। नासा वैज्ञानिकों ने रोवर का अनावरण करते हुए शुक्रवार को यह बात कही। इस रोवर को लॉस एंजिलिस के पास कैलिफॉर्निया के पासाडेना में जेट प्रपल्शन लैबोरेटरी के विशाल कक्ष में तैयार किया गया, जहां इसके चालक उपकरण का पिछले हफ्ते सफल परीक्षण किया गया था। यह रोवर फ्लोरिडा के केप केनावरल से जुलाई 2020 से पृथ्वी से रवाना होगा।

## पाक से खत्म नहीं हो पा रहा पोलियो, 4 नए मामले आए सामने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में चार और पोलियो के मामले दर्ज किए गए हैं। सिंध और खैबर पख्तूनख्वा दोनों जगहों से इस बीमारी के दो–दो मामले सामने आए हैं, और इसके साथ ही इस साल पोलियो के मामलों की संख्या बढ़कर 119 हो गई है।

डॉन न्यूज के मुताबिक, इस्लामाबाद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) द्वारा शुक्रवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, सिंध में सुक्कुर और टंडो अल्लायार जिलों से और खैबर पख्तूनख्वा में टैंक और बन्नू जिलों से पोलियो के नए मामले सामने आए हैं।



पोलियो के लिए नेशनल इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (ईओसी) के समन्वयक राणा सफदर ने कहा कि 2019 में पूरे साल पोलियो वायरस फैलने के कई कारण हैं। उन्होंने डॉन न्यूज को बताया, ''नियमित टीकाकरण कवरेज में सुधार के प्रयासों के साथ फरवरी और अप्रैल 2020 में दो फॉलोअप

**इस साल पोलियो के मामलों की संख्या बढ़कर 119 हो गई**

राष्ट्रीय अभियानों की योजना बनाई गई है, हालांकि, सभी स्तरों पर सामूहिक प्रयास जरूरी हैं।'' 2018 के 12 मामलों और 2017 के सिर्फ आठ मामलों के मुकाबले इस साल पोलियो के 119 मामले सामने आए हैं।

इस साल के प्रांतीय आंकड़ों से पता चलता है कि खैबर पख्तूनख्वा से 83 मामले, सिंध से 21, बलूचिस्तान से नौ और पंजाब से छह मामले सामने आए हैं। दुनिया में केवल दो देशों पाकिस्तान और अफगानिस्तान से पोलियो के मामले सामने आ रहे हैं।

### संयुक्त राष्ट्र ने 2020 का बजट तय किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने शुक्रवार को 2020 के लिए 3. 07 अरब अमेरिकी डॉलर का अपना परिचालन बजट निर्धारित किया है। बजट में पहली बार सीरिया और म्यामां में युद्ध अपराधों की जांच के लिए धनराशि का प्रावधान किया गया है। अगले वर्ष का बजट 2019 से कुछ ज्यादा है। 2019 का बजट 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर का था। राजनयिकों के मुताबिक बजट को संयुक्त राष्ट्र सचिवालय की ओर से चलाये जाने वाले अतिरिक्त मिशनों, मंहगाई और विनिमय दर समायोजन की वजह से बढ़ाया गया है। इनमें यमन में पर्यवेक्षक मिशन, हैती में स्थापित एक राजनीतिक मिशन, 2011 में गृह युद्ध के बाद से सीरिया में हुए अपराधों की जांच और म्यामां में रोहिंग्या मुस्लिम अल्पसंख्यक पर 2017 की कड़ी कार्रवाई की जांच के लिए धनराशि शामिल हैं। पहली बार इस परिचालन बजट में सीरिया और म्यामां में अपराधों की जांच के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। इसके लिए पहले स्वैच्छिक योगदान से धनराशि जुटाई जाती थी। अब इसे 2020 में संयुक्त राष्ट्र सचिवालय के बजट में स्थानांतरित किया जाएगा।